हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार, 31 मई 2025
[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

तापमान
अधिकतम 36.8 डिग्री
न्यूनतम 25.4 डिग्री

16 गर्भवती महिलाओं को मिला सुपोषण किट



16 दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र को मंत्री न बनाया जाना दुर्भाग्यजनक : रमेश






न्यु ओम ज्वेलर्स
हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
हमारे यहां सर्टिफाइड राशि रत्न उपलब्ध है
▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री
संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी


## खबर संक्षेप

### एसएसपी अग्रवाल ने लिया परेड की सलामी



**भिलाई।** एसएसपी विजय अग्रवाल शुक्रवार को पुलिस लाईन दुर्ग पहुंचकर जनरल परेड का सलामी ली। सलामी के बाद परेड में शामिल अधिकारी कर्मचारियों की वेशभूषा का निरीक्षण किया। एसएसपी विजय अग्रवाल ने उत्तम वेशभूषा धारण करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को पुरस्कृत भी किया। इसके बाद स्वान दल, बैंड पार्टी तथा शासकीय वाहनों का निरीक्षण किया गया। कानून व्यवस्था स्थापित करने में उपयोगी वाहनों के रखरखावों का जायजा लिया। वाहनों को अच्छी कंडीशन में रखने की हिदायत भी दी गई। उत्कृष्ट विवेचना करने वाले विवेचकों को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। इस दौरान सीएसपी हरीश पाटिल, डीएसपी चंद्र प्रकाश तिवारी,पाटन एसडीओपी अनूप लकड़ा, नीलकंठ वर्मा समेत पुलिस कर्मी मौजूद थे।

### फर्नीचर दुकान में चोरी खरीदार व दो पकड़ में



**भिलाई।** फर्नीचर दुकान में चोरी करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 331(4), 305, 317(2), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पदमश्री तंवर ने बताया कि शिवपुरी जामुल में फर्नीचर दुकान में 24 मई की रात को चोरी हुई थी। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश में जुटी रही। जामुल पुलिस को मुखबिर ने सूचना दिया कि सतनाम भवन उडिया दुकान के पास घासीदास नगर जामुल निवासी हीरा सिंह उर्फ बौव्वा केवट को पकड़ा गया। आरोपी ने चोरी अपने दोस्त एसीसी चैक राजीव नगर जामुल चंदन सिंह के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया। चोरी के सामान को खरीदार राजीव नगर सिसकोल उद्योग के पास छावनी निवासी कारू साव के पास बेचना बताया। सामानों की कीमत 15 हजार रुपए आंकी गई है। कार्रवाई में जामुल टीआई राजेश मिश्रा व उनकी टीम का योगदान रहा है।

## मानसून की पहली बारिश : रिसाली, मरोदा और दुर्ग में 3 मिमी पानी गिरा

# मानसूनी हवा के साथ ट्विनसिटी में एक घंटे झमाझम बारिश, सड़कें व मार्केट लबालब

*हरिभूमि न्यूज :भिलाई। शुक्रवार को मानसूनी हवाओं के साथ ट्विनसिटी में एक घंटे झमाझम बारिश हुई। जिसकी वजह से सड़कें और प्रमुख मार्केट पानी से लबालब हो गई। मानसूनी हवाएं करीब 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली। दोपहर 3 बजे के बाद अचानक मौसम ने तेवर बदले और तेज बारिश शुरू हो गई। मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ प्रदेश में मानसून समय पहले आने की सूचना के साथ ही भारी बारिश का एलर्ट जारी किया था। 30 मई को भी हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा के गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।*

### इन तस्वीरों से जानिए ट्विनसिटी में बारिश की स्थिति







**केस वन:** यह तस्वीर लक्ष्मी मार्केट सुपेला भिलाई की है। दोपहर अचानक इतनी तेज बारिश हुई कि पूरा मार्केट एरिया पानी से भर गया। इस मार्केट में घुटने तक पानी जमा हो गया। सब्जी बेचने वालों को अपना पसरा समेटना पड़ा। वहीं सब्जी लेने आए लोग जहां-तहां खड़े होकर बारिश बंद होने का इंतजार करते मिले। जब बारिश थम गई तो लोगों को यहां से बाहर निकलना मुश्किल हो गया।

**केस दो:** यह तस्वीर सेंट्रल ऐवेन्यू रोड की है। बारिश से इस रोड पर पानी ही पानी दिखाई देने लगा। भारी बारिश होने से लोगों की आवाजाही बंद सी हो गई। इस सड़क से लगी निकासी नालियां भी ऊफान पर आ गई। नालियों की साफ सफाई नहीं होने की वजह से नालियों से बाहर सड़क पर पानी आने लगा। गंदा पानी भी सड़क पर बहने लगा।

#### अगले 4 दिनों तक बारिश की संभावना कम

मौसम विज्ञानी डॉ.एचपी चंद्रा ने बताया कि बीते दो तीन दिनो में हुई बारिश के बाद अगले 4 दिनों तक पुनः बरसने की कम संभावना है। इसके बजाय चार दिन में तापमान में 2-4 डिग्री सेल्सियस वृद्धि होगी। मौसम विभाग का कहना है कि कल शनिवार को एक दो स्थानों पर भारी बारिश और दो दिन बाद हल्के से मध्यम बारिश संभावित है।

#### ग्रामीण इलाकों में रात पहुंचा मानसून

रिसाली, मरोदा, नेवई, उतई, पुरई, पाउवारा, जंजगिरी, सेलूद, महकाखुर्द, महकाकला, डूमरडीह, पतोरा, फुंडा, पाटन आदि क्षेत्रों में दोपहर जब ट्विनसिटी में बारिश हुई तो सूखे की स्थिति थी। लेकिन शाम-रात तक यहां आसमान पर काले बादल छा गए और वहां मानसून पहुंचा। रात इन क्षेत्रों में भी बारिश हुई।

#### गरज-चमक के साथ बारिश

ट्विनसिटी में गरज-चमक के साथ बारिश हुई। हवाएं ज्यादा तेज थी और बारिश भी अच्छी हुई। सुपेला, छावनी, पावरहाउस, इंदिरा मार्केट दुर्ग आदि क्षेत्रों में पानी ही पानी नजर आया। बारिश बंद होने के बाद भी जगह-जगह पानी एकत्र मिला।

#### 20 किलोमीटर प्रति घंटे रफ्तार से बढ़ रहा मानसून

मौसम विभाग के मुताबिक दक्षिण पश्चिम मानसून को आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई है। अगले एक-दो दिनों में दक्षिण पश्चिम मानसून पश्चिम बंगाल के कुछ और भाग और बिहार के कुछ भाग में पहुंचने की संभावना है। एक अवदाब उत्तर पश्चिम बंगाल के खड़ी पश्चिम बंगाल तट से दूर बांग्लादेश तट के पास लगभग उत्तर दिशा में 20 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से आगे बढ़ रहा है इसके और अधिक प्रबल होकर गहरा अवदाब दाब के रूप में परिवर्तित होने की संभावना है । इसके लगातार उत्तर दिशा में आगे बढ़ते हुए पश्चिम बंगाल तट-बांग्लादेश तट के बीच सागरद्वीप और खेपूपारा के बीच 29 मई को पार करने की संभावना है। मौसम विज्ञानी डॉ. एच पी चंद्रा ने बताया कि एक पश्चिमी विक्षोभ 75 डिग्री पूर्व और 32 डिग्री उत्तर में स्थित है। दूसरा पश्चिमी विक्षोभ अफगानिस्तान और उसके आसपास स्थित है ।

## नाबालिग से दुराचार करने वाले को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

**दुर्ग।** अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ एफटीएससी अनिष दुबे ने नाबालिग से दुराचार के प्रकरण पर दोष सिद्ध होने के बाद दुराचारी को 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा दी है। अभियोजन के अनुसार 2 जुलाई 2023 को पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र में एक पीड़िता की मां ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह एक निजी होटल में साफ-सफाई का काम करती है और उसकी दो बेटियां है। पति घर से बाहर खुर्सीपार गेट काम पर गया था। बड़ी बेटी व सास घर पर अकेली थी। तभी सुबह 9 बजे भिलाई-3 गत्वा तालाब का रहने वाला सन्नी साहू पिता स्व. नोहर साहू घर आकर बच्ची को बहला-फुसलाकर अपने को नाबालिग लड़की के पिता का दोस्त बताते हुए चिप्स, चाकलेट देने के बहाने अपहरण कर एमपीईपी बिजली नगर की तरफ ले गया। जहां खंडहर में उसके साथ गलत काम किया। बच्ची दादी के पास जाने के लिए रोने लगी तब उसे जान से मारने की धमकी दिया। इस दौरान मोहल्ले के लोग नाबालिग के घर पर नहीं होने से मोहल्ले में ढूंढ़ने लगे। मोहल्ले के लोग बिजली नगर से बच्ची को सुरक्षित लाया। पुलिस ने आरोपी सन्नी साहू को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। विचारण के बाद कोर्ट ने 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा दी है। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक रुपवर्षा दिल्लीवार ने पैरवी की।

### लूटपाट करने वाले तीन युवक धरे गए

**भिलाई।** लूटपाट करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवकों के खिलाफ पुलिस ने धारा-309 (6),बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पदमश्री तंवर ने बताया कि अण्डा निवासी श्माम लाल साहू अपने काम से श्रमिक पुजा राजपुत के साथ घर लौट रहा था। इस दौरान बारिश गिरने से कालेज के पास रुक गया। तीन अज्ञात युवक पहुंचे और गाली गलौज कर मारपीट करने के बाद जेब से पर्स निकालकर रुपए लुटकर फरार हो गए। शिकायत पर पुलिस ने पतासाजी में जुटी रही। उतई पुलिस को सूचना मिलने पर ग्राम पुरई निवासी गोविद यादव उर्फ भतीजे , मोतीराम यादव घुघरू, राजवीर सिंग राजपुत को गिरफ्तार किया। आरोपियों से पुलिस की पूछताछ में बताया कि पीड़ित से लूटपाट कर मारपीट करना स्वीकार किया।


UPCOMING ADMISSIONS 2025
PGDCA
M.Sc CHEMISTRY
M.Sc BIOTECHNOLOGY
M.Sc BOTANY
M.Sc ZOOLOGY
M.Sc COMPUTER Sc
M.Sc MATHS
M.A ENGLISH
M.Com
B.Lib
M.Lib
B.A
BCA
B.Com
BBA
B.Sc
DCA
Affiliated to Hemchand Yadav University, Durg
SAI COLLEGE
Street-69, Sector-6, Bhilai
70248 86996
99770 01027
Deepak Advertisers


## सीबीआई का अफसर बनकर 55 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सीबीआई का अफसर बनकर महिला से ठगी करने का मामला सामने आया है। रिसाली निवासी नम्रता चंद्राकर की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 66 डी, 318(4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। नेवई पुलिस ने बताया कि सीबीआई अधिकारी बताकर नम्रता के पिता को वीडियो काल कर उनके नाम का केनरा बैंक का खाता को नरेश गोयल को बेचने की बात कहकर 2 करोड़ रुपए का मनी लाड्रिंग होने की जानकारी दी। युवती के पिता को इसका भय दिखाकर अलग-अलग खातें व किश्तों में माह भर में 54 लाख 90 हजार रुपए का ठगी की। युवती ने पुलिस को बताया कि घटना 29 अप्रैल की है। अज्ञात व्यक्ति ने सीबीआई कार्यालय मुंबई से होने की जानकारी दी। वृद्ध को गिरफ्तारी का डर दिखाकर वीडियो कॉल में सहयोग करने का झांसा देकर खाते का डिटेल, जमीन जायदाद, सोना चांदी की जानकारी हासिल की। उसके बाद फर्जी सीबीआई अफसर ने वृद्ध से रुपए का ठगी कर लिया। बहरहाल पुलिस ने इस मामले में आरोपी की पतासाजी कर रही है।

▪ नेवई पुलिस कर रही है जांच

## ब्रेकअप के बाद प्रेमी ने किया ब्लैकमेल, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ब्रेकअप के बाद प्रेमी ने धमकी देकर ब्लैकमेलिंग कर रुपए का डिमांड करने वाला प्रेमी और उसके दोस्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पदमश्री तंवर ने बताया कि 29 मई को अंजोरा पुलिस चौकी में लिखित शिकायत की गई थी। जिसमें युवती ने बताया है कि कोंडागांव हाल शंकर नगर रायपुर जिला रायपुर निवासी वैभव भारती गोस्वामी के साथ तीन वर्षो से प्रेम प्रसंग होना बताया है। आरोपी वैभव ने इंस्टाग्राम पर अन्य दोस्तों के साथ जुड़े होने पर संदेह कर पीड़िता पर गाली गलौज करता था। इस कारण युवती ने वैभव से ब्रेकअप कर उसे अपने इंस्टाग्राम पर ब्लॉक कर दी। आरोपी वैभव द्वारा युवती व अन्य मित्रों को इंस्टाग्राम पर मैसेज के माध्यम से गाली लिखकर मैसेज भेजा करता था। युवती अपने कॉलेज में अपने मित्रों के साथ खड़ी थी, तभी कॉलेज गेट के पास कार सीजी 10 बीक्यू 7861 के सामने नंबर प्लेट पर डिप्टी कलेक्टर लिखा हुआ था। आकर खड़ी हुई और उसमें से आरोपी वैभव भारती और उसका दोस्त खरियार रोड बाजार पर पानी टंकी के पास थाना जोक जिला नुआपाडा उड़ीसा हाल शंकर नगर रायपुर निवासी प्रियम जैन उतरकर युवती के पास पहुंचे। इस दौरान वैभव ने युवती से 1 लाख रुपए का डिमांड किया। युवती ने रुपए देने से मना करने पर वैभव परिजनों को बताने की धमकी देने लगा। पुलिस ने आरोपियों के बस से रायपुर भागने की जानकारी मिलने पर तुरंत दुर्ग बस स्टैंड पहुंचकर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई में अंजोरा चौकी प्रभारी रेमन साहू समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।




▪ एक लाख रुपए की थी डिमांड, अंजोरा पुलिस चौकी ने दर्ज किया अपराध

#### कार को शिवनाथ नदी के किनारे छिपाया

पुलिस पूछताछ में आरोपी वैभव ने बताया कि युवती से से प्रेम करता था। बातचीत बंद करने व इंस्टाग्राम पर भी ब्लॉक करने के कारण युवती व उनके दोस्तों को गाली गलौज का मैसेज करना स्वीकार किया। इसके अलावा आरोपी प्रियम जैन के साथ रायपुर से कार को किराए से लेकर उसका नंबर प्लेट निकाल कर उसमें डिप्टी कलेक्टर लिख कर प्रियम जैन को झूठी इलाज के बहाने युवती से मिलने पहुंचा था। डेंटल कॉलेज अंजोरा पहुंचकर युवती से 1 लाख का डिमांड किया। नहीं देने पर गाली गलौज कर मौके से कार में फरार हो गए थे। कार को आरोपियों ने शिवनाथ नदी ब्रिज दुर्ग के नीचे छिपाकर फरार हुए थे। उनके पास से मोबाइल फोन जब्त किया गया है। कार की डिक्की से कार का नंबर प्लेट जब्त किया गया।

## सांसद बघेल ब्रिक्स संसदीय फोरम में शामिल, कल होंगे दिल्ली रवाना



**भिलाई।** सांसद विजय बघेल को ब्रिक्स संसदीय फोरम में शामिल किया गया है। वे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में होने जा रहे 11वें ब्रिक्स संसदीय फोरम में शामिल होंगे। इस फोरम के लिए देश के 6 सांसदों का चयन किया गया। उनमें सांसद विजय बघेल के अलावा उपसभापति राज्यसभा हरीवंश, राज्यसभा सांसद सुरेन्द्र सिंह नागर, सांसद विवेक ठाकुर, सांसद डॉ. साहबारी वायरेड्डी, लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह, महासचिव राज्यसभा पीसी मोदी ब्रिक्स पार्लियमेंन्ट्री ब्रासीलिया ब्राजील में शामिल होंगे। सांसद बघेल ने बताया कि यह प्रतिष्ठित फोरम 3 से 5 जून तक चलेगा। सांसद विजय बघेल संसद की विदेश मंत्रालय की स्थाई समिति के सदस्य हैं। दल दुबई और साओ पाउलो होते हुए ब्रासीलिया पहुंचेगा। 3 जून को वे ब्रिक्स महिला सांसदों की बैठक और ब्रिक्स संसदों की अंतरष्ट्रीय मामलों की समितियों के अध्यक्षों की बैठक में शामिल होंगे। 4 जून को फोरम का आधिकारिक उद्घाटन समारोह होगा, जिसके बाद वैश्विक स्वास्थ्य के लिए ब्रिक्स अंतर-संसदीय गठबंधन और आर्थिक विकास के नए रास्तों की तलाश में ब्रिक्स संसदीय कार्रवाई जैसे विषयों पर कार्यसत्र आयोजित किए जाएंगे। 5 जून को जलवायु और स्थिरता पर ब्रिक्स अंतर-संसदीय संवाद, जिम्मेदार और समावेशी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए अंतर-संसदीय सहयोग, और बहुपक्षीय शांति और सुरक्षा वास्तुकला के सुधार के लिए ब्रिक्स संसद एकजुट पर केंद्रित चचर्एं होंगी।

### शंकर पारा पहुंची महापौर शशि सिन्हा

## रिसाली निगम के सफाई कर्मी मिले गैरहाजिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रिसाली महापौर अपने परिषद के सदस्यों के साथ शंकर पारा स्टेशन मरोदा पहुंची। सुबह विजिट के दौरान महापौर वार्ड में तैनात सफाई दरोगा से स्वास्थ कर्मचारियों की उपस्थिति का ब्योरा मांगा। इस दौरान अनुपस्थित कर्मचारियों का नाम अलग लिख अनुपस्थित करने निर्देश दिए। महापौर शशि सिन्हा वार्ड 20 में सफाई कार्य का निरीक्षण की। उन्होंने कुल 20 सफाई कर्मी की जगह 13 को काम करते पाया। महापौर ने सफाई दरोगा को आवश्यक दिशा निर्देश भी दी। उन्होंने साप्ताहिक बाजार में पानी निकासी की उचित व्यवस्था करने भी कहा। भ्रमण के दौरान महापौर परिषद के सदस्य संजू नेताम, जहीर अब्बास, अनिल देशमुख, पार्षद विनय नेताम, राहुल राय आदि उपस्थित थे।



#### नागरिकों ने रखी समस्याएं

निरीक्षण के दौरान लोगों ने सफाई से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान राणा फिटनेस के सामने यूरिनल निर्माण, साप्ताहिक बाजार में बोर खनन, पेयजल की किल्लत होने पर टैंकर की व्यवस्था, साप्ताहिक बाजार के दूसरे दिन सफाई व्यवस्था की मांग की।


D Mart®
Daily Discounts Daily Savings
नई क्लास,
नई शुरुआत
स्टेशनरी और अन्य
15% – 35% छूट मूल कीमत पर
ब्रान्डेड लाँगबुक्स एण्ड नोटबुक्स
न्यूनतम 15% छूट मूल कीमत पर
पेन्स
न्यूनतम 20% छूट मूल कीमत पर
पेन्सिल्स
₹15^ से आगे
प्लास्टिक पेन्सिल बॉक्सेज
₹275 सिर्फ
जे के कॉपियर पेपर A4 (21 सेमी x 29.7 सेमी) 70 gsm
500 शीट्स
मूल कीमत ₹355
15% छूट मूल कीमत पर
पिडिलाइट ग्लू
न्यूनतम 15% छूट मूल कीमत पर
ड्रॉइंग का सामान
₹49^ से आगे
पेन्सिल पाउचेज़
₹139^ से आगे
लंच बैग
₹99^ से आगे
मेटल एण्ड मैग्नेटीक पेन्सिल बॉक्सेज
₹179^ सिर्फ
12 फोल्डर एग्जीक्यूटिव फाइल
मूल कीमत ₹250
₹55^ सिर्फ
ब्राउन बुक कवर 38 सेमी
मूल कीमत ₹70
₹21^# से आगे
बुक लेबल स्टिकर्स
₹219^ सिर्फ
कैलकुलेटर
मूल कीमत ₹400
₹49^ से आगे
सिज़र्स
₹199^ सिर्फ
एग्जीक्यूटिव फोल्डर 12 पॉकेट फाइल
मूल कीमत ₹290
15% छूट मूल कीमत पर
कंगारू उत्पादों पर
20% छूट मूल कीमत पर
अप्सरा इरेज़र एण्ड शार्पनर
₹349^ से आगे
स्टडी टेबल
₹149^ से आगे
बिल्डिंग ब्लॉक्स
₹99^ से आगे
जिग्सा पज़ल
बैग्ज़, बॉक्सेज़ और अन्य वस्तुएं
₹299^ से आगे
कॉलेज बैग्ज़
₹199^ से आगे
स्कूल बैग्ज़
₹149^ से आगे
लंच बॉक्स+ पानी बोतल कॉम्बो
₹99^ सिर्फ
स्टील फ्लेक्सी 2 लेअर लंच बॉक्स
मूल कीमत ₹399
₹39^ से आगे
लंच बॉक्स
₹149^ से आगे
स्टील बोतल
₹49^ से आगे
प्लास्टिक बोतल
₹10^ से आगे
किड्स फेस टावल
₹249^ से आगे
पॉलिमर क्रिकेट बैट
₹379^ सिर्फ
फुटबॉल
मूल कीमत ₹470
₹249^ से आगे
बास्केट बॉल
₹299^ से आगे
छाते
₹149^ सिर्फ
पोंचो
मूल कीमत ₹199
₹179^ से आगे
स्कूल शूज़
डेली एसेंशिअल्स और ग्रोसरी
1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त
कैडबरी ओरिओ ओरिजिनल मेगा फॅमिली पैक बिस्किट
875.75 ग्राम
मूल कीमत ₹310
₹19* सिर्फ
ब्रिटानिया गोबल्स फ्रुटी फन केक
100 ग्राम
मूल कीमत ₹30
1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त
पारले हाइड एन्ड सीक 4 फन फ्लेवर्स चोको चिप क्रीम सॅन्डविचेस बिस्किट्स
400 ग्राम
मूल कीमत ₹165*
₹375* सिर्फ
कैडबरी बोर्नविटा रिफील
1 किलो
मूल कीमत ₹490
1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त
टू यम् भूत चीप्स
82 ग्राम
मूल कीमत ₹60*
₹320* सिर्फ
नटेला फेरेरो
350 ग्राम
मूल कीमत ₹399
₹109* सिर्फ
मॅकेन स्माइल
415 ग्राम
मूल कीमत ₹150
₹214* सिर्फ
किसान मिक्स्ड फ्रुट जॅम
700 ग्राम
मूल कीमत ₹270
₹99* सिर्फ
मैगी मसाला नूडल्स
560 ग्राम
मूल कीमत ₹120
₹135* सिर्फ
चिंग्स शेजवान चटनी बोतल
590 ग्राम
मूल कीमत ₹180
₹68* सिर्फ
डेल मोंटे टोमॅटो केचप पाउच
900 ग्राम
मूल कीमत ₹130
₹119* सिर्फ
अमूल चोकोमिनीज
250 ग्राम
मूल कीमत ₹140
₹479* सिर्फ
नटराज कॅलिफोर्निया बादाम
500 ग्राम
मूल कीमत ₹599
₹499* सिर्फ
नटराज काजू
500 ग्राम
मूल कीमत ₹699
₹199* सिर्फ
ब्रुक बॉंड ताज़ा चाय
1 किलो
मूल कीमत ₹250
₹105* सिर्फ
नेस्ले किटकॅट चॉकलेट
118.4 ग्राम
मूल कीमत ₹150
₹210* सिर्फ
इंडिया गेट सुपर बासमती चावल
1 किलो+50% अतिरिक्त
मूल कीमत ₹280
₹159* सिर्फ
हिमालया प्युरीफायींग नीम फेस वॉश
150 मि.ली.
मूल कीमत ₹279
₹175* सिर्फ
मेडिमिक्स साबुन
4x125 ग्राम प्रत्येकी
मूल कीमत ₹225
₹524*/₹460* सिर्फ
सर्फ एक्सेल मैटिक फ्रंट/टॉप लोड लिक्विड डिटर्जंट पाउच
4 लि.
मूल कीमत ₹885/₹795
₹199* सिर्फ
हार्पिक पावर ओरिजनल टॉयलेट क्लिनर
1 लि.
मूल कीमत ₹235
₹45* सिर्फ
लूज़ चीनी
1 किलो
₹57* सिर्फ
लूज़ वाडा कोलम चावल
1 किलो
₹76* सिर्फ
लूज़ बिरयानी चावल
1 किलो
₹32* सिर्फ
लूज़ गेहूँ आटा
1 किलो
₹105* सिर्फ
लूज़ लातूर तुअर दाल
1 किलो
₹39* सिर्फ
लूज़ रवा
1 किलो
₹74* सिर्फ
लूज़ बेसन
1 किलो
₹46* सिर्फ
लूज़ जाड़ा पोहा
1 किलो
₹119* सिर्फ
लूज़ मूंगफली
1 किलो
₹145* सिर्फ
लूज़ मखाना
100 ग्राम
₹59* सिर्फ
गुड़ प्रीमियम
900 ग्राम
मूल कीमत ₹90
₹259* सिर्फ
मिक्स ड्राय फ्रूट्स
500 ग्राम
मूल कीमत ₹406
₹429* सिर्फ
बादाम
500 ग्राम
मूल कीमत ₹670
₹399* सिर्फ
स्वाद पिस्ता
400 ग्राम
मूल कीमत ₹575
₹140* सिर्फ
स्वाद किसमिस
500 ग्राम
मूल कीमत ₹208
₹99* सिर्फ
गरम मसाला होल
100 ग्राम
मूल कीमत ₹167
न्यूनतम 9% छूट
सिटी मॉल, रायपुर : 6262000236 • रिंग रोड, रायपुर : 0771-2262922 • नेशनल हाइवे-6, भिलाई : 9752574902/9752098603
अंबाडी नगर, भिलाई : 6269500098 • पोटियाकला दुर्ग, भिलाई : 9630804906 • राजनांदगांव : 6269500166
**सिर्फ रायपुर और भिलाई में उपलब्ध
उत्पादों के चित्र केवल प्रतिनिधित्व उद्देश्यों के लिए हैं और वास्तविक उत्पादों से भिन्न हो सकते हैं. • उत्पाद की पेशकश स्टाक रहने तक वैध. • ऑफर्स स्थान के अनुसार भिन्न हो सकते हैं.
इस विज्ञापन में दिखाये गये ब्रांड संबंधित ब्रांड के मालिक के स्वामित्व में हैं. •^प्रबंधन के पास अपने विवेक से कीमतों में बदलाव, छूट देने का और उत्पादों को बेचने का अधिकार सुरक्षित हैं. • नियम और शर्तें लागू • *खुदरा बिक्री मूल्य. • # 1 वस्तु
Impulse/05/25

हरिभूमि लाइव
रायपुर, शनिवार 31 मई 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

## लाइव इवेंट

### आंध्र समाज ने किया बेवरेज कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास का स्वागत



**भिलाई।** आंध्र समाज के विभिन्न संगठनों द्वारा छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेज कॉर्पोरेशन के नवनियुक्त अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी का शुक्रवार को भिलाई नगर और चरोदा के विभिन्न स्थानों पर नागरिक अभिनंदन किया। अध्यक्ष पद पर नियुक्ति के बाद पहली बार भिलाई पहुंचे श्रीनिवास राव मद्दी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में पार्टी का छोटा सा कार्यकर्ता हूं, फिर भी पार्टी ने मुझे इतना बड़ा दायित्व दिया। उन्होंने समाज के लोगों से पार्टी को मजबूत बनाने के लिए एकजुट रहने की अपील भी की।

नागरिक अभिनंदन की शुरुआत चरोदा मंडल से हुई, जहां अध्यक्ष गौरीशंकर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में आंध्र समाज के लोगों ने मद्दी का गर्मजोशी से स्वागत किया। चरोदा के पंचशील नगर में पीएम विश्वकर्मा योजना के राष्ट्रीय संचालन समिति के सदस्य वी विश्वनाथन आचारी की अगुवाई में लोगों ने उनका अभिनंदन किया। पावरहाउस चौक स्थित माता राज राजेश्वरी मंदिर में मद्दी ने पूजा-अर्चना की। पूजा के बाद तेलुगु कल्याण समिति के अध्यक्ष अप्पाराव और महासचिव बी राजू के नेतृत्व में लोगों ने बड़े उत्साह से उनका सम्मान किया। सेक्टर 5 स्थित मंदिर में आंध्र समाज के अध्यक्ष पीवी राव और सचिव पीएस राव की अगुवाई में सभी पदाधिकारियों और समाज के शीर्ष व्यक्तियों ने भी भव्य स्वागत किया। इससे पूर्व मद्दी ने मंदिर में माथा टेक कर भगवान बालाजी से आशीर्वाद लिया। श्रीनिवास राव मद्दी की नीलम चन्ना केशवुलु और बहादुर सिंह आर्या के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने अभिनंदन किया उन्होंने इस अवसर पर स्कूल के अनुभवों को साझा करते हुए छात्रों से कहा कि मैं छात्र जीवन में पढ़ने में तेज नहीं था, कम नंबर होने के कारण मुझे प्रतिष्ठित स्कूलों में प्रवेश नहीं मिला, इसलिए हीनभावना का शिकार हो गया। लेकिन मैं भाषण कला में माहिर था। आप अपने अंदर इनफिरियॉरिटी कॉम्प्लेक्स न आने दें, तभी आप सफल होंगे।

## सिटी इवेंट

### रुआबांधा में कबीर प्रगटोत्सव 8 को, सुबह निकलेगी कलश यात्रा



**भिलाई।** मानिकपुरी पनिका समाज द्वारा कबीर मंदिर रुआबांधा में 8 जून रविवार को सद्गुरु कबीर साहेब के प्रगट दिवस मनाया जाएगा। आयोजन में मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल होंगे। अध्यक्षता पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू करेंगे। विशेष रूप से ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, रिसाली महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर मौजूद रहेंगे। सुबह 9 बजे कार्यक्रम की शुरुआत होगी, इसके बाद पूरे दिन कार्यक्रम होंगे। आयोजन रात 8 बजे तक जारी रहेगा। सुबह 9 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। 11 बजे महंत देवदास साजा मोहतरा के मुखारविंद से भजन, सत्संग और प्रवचन का कार्यक्रम होगा। दोपहर 1 बजे आदर्श पंडवानी ग्रंथ गायन सद्गुरु कबीर प्राकट्य कथा त्रिवेणी साहू पिरदा बेमेतरा के स्वर में होगा। शाम 5 बजे सात्विक आनंदी चौका महंत देवदास मोहतरा के माध्यम से होगा। इसके बाद भंडारा के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। आयोजकों ने बताया कि प्रगट दिवस उन संतों या महापुरुषों के लिए कहा जाता है जो धरती पर सशरीर प्रगट होते हैं। कबीर साहेब माता के गर्भ से जन्म नहीं लिये थे। वे ज्येष्ठ मास के शुक्ल पूर्णिमा को काशी के लहरतारा तालाब में कमल पुष्प पर प्रगट हुए थे। उनके प्रगट दिवस के अवसर को प्रगट महोत्सव के रूप मे मनाया जाता है।

## सिटी इवेंट

### भारी वाहनों की आवाजाही को घड़ी चौक पर आने से रोकने की मांग




**भिलाई।** मुस्कान फाउंडेशन ने घड़ी चौक सुपेला में भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाने की मांग की है। संस्था ने इसे लेकर सांसद विजय बघेल, वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा। संस्था के अध्यक्ष शरीफ खान ने कहा कि सुपेला क्षेत्र जो कि भिलाई का ह्रदय स्थल है। जहां से लगभग सभी जगह से आमजनों का आना-जाना है। सुपेला से लगा हुआ सब्जी मार्केट है। आकाश गंगा का मार्केट है। लक्ष्मी नगर का मार्केट है। उसी चौक से फल-फूल, सब्जी, स्कूल की बसों का संचालन होता है। उस चौक में बढ़ते दबाओ के चलते ब्रिज का भी निर्माण किया गया है। जहां से बड़ी गाड़यिों का जैसे बसों और बड़े मालवाहकों ट्रकों का भी आना-जाना लगा रहता है। इससे आए दिन छोटी गाड़यिों से साइकिल चलने वालों से एक्सीडेंट होता रहता है। हर हफ्ते चौक में किसी न किसी की मृत्यु एक्सीडेंट से होती है। अतः बसों और बड़े मालवाहकों के स्टॉपेज को ब्रिज के पहले या ब्रिज के बाद मे बस स्टॉप पर ही रोका जाए, जिससे बहुत अधिक तक हम सुपेला चौक मे होने वाले एक्सीडेंट को रोक सकते हैं। इससे आम लोगो को राहत मिलेगी।

● महेश कॉलोनी में आयोजित दीक्षा समारोह में जुटे देशभर से आए जैन समाज के लोग

# जोधपुर का डुग्गू जैन दीक्षा के बाद बने हंसभद्र मुनि, सांसारिक सुखों को त्याग साधु-संतों का आशीर्वाद ले चल पड़े वैराग्य की राह पर

**जोधपुर से आए 13 वर्षीय डुग्गू रूहान मेहता ने शुक्रवार को वैराग्य धारण कर लिया। उनका नाम बदलकर अब मुनि हंसभद्र हो गया है। केश कुंचन और अन्य संस्कार के बाद मुनि हंसभद्र की संयम यात्रा प्रारंभ हुई। आयोजन में देशभर से आए जैन समाज के लोग शामिल हुए। मुनि बनने के साथ हंसभद्र से लोगों ने उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। आदिनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर ट्रस्ट, सत्वनाद संयमोत्सव समिति दुर्ग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में डुग्गू ने सांसारिक सुखों को त्यागकर संयम और वैराग्य की राह को चुना। राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण महेश कॉलोनी में उनकी दीक्षा संपन्न हुई।**

**दुर्ग।** दीक्षा से जुड़े सारे संस्कार जैन संत जयानंद के सुशिष्य विनय कुशल मुनि, नंदिषेण मुनि, वीरभद्र मुनि, महेन्द्र सागर के शिष्य विशुद्ध सागर, जीत सागर के सानिध्य में हुए। इसके पहले सुबह लापसी लूट महानिष्क्रमण भ्रमण यात्रा कार्यक्रम हुआ। इसके बाद संयम ग्रहण की विधि गुरु भगवंत साध्वी गण, चतुर्विद संघ के समक्ष कराई गई। विधि क्रिया के साथ वेश परिवर्तन, केश लोचन के साथ रुहान मेहता का नवीन नाम साधु हंसभद्र मुनि हुआ। दीक्षा समारोह में संयमोत्सव समिति के संयोजक कांतिलाल बोथरा, सह संयोजक गौतम लोढ़ा, महावीर कोठारी, किशोर कोचर, डॉ. प्रकाश पारख, मंत्री संजय लोढ़ा, सह मंत्री, अशोक दुग्गड़, गिरीश गोलछा, प्रवीण बोथरा, जितेन्द्र तातेड़, संदीप निमाणी, दीपक चोपड़ा, संजय बोहरा, ओसवाल पंचायत, श्रावक एवं श्राविका संघ सहित अन्य मौजूद थे। दीक्षा समारोह में पूर्व विधायक अरुण वोरा शामिल हुए। उन्होने कहा कि यह संयम चमत्कार से कम नहीं है। उन्होंने बालक डुग्गू के इस निर्णय की सराहना करते हुए उसे पूरे समाज के लिए एक मिशाल बताया है। श्री वोरा ने कहा कि इतनी कम अल्पायु में सांसारिक मोह-माया को त्यागकर वैराग्य का मार्ग अपनाना केवल अद्भुत नहीं, बल्कि अत्यंत प्रेरणादायी है। यह डुग्गू की धर्म और संयम के प्रति गहरी निष्ठा का प्रतीक है। मैं भगवान आदिनाथ से प्रार्थना करता हूँ कि उन्हें आध्यात्मिक शक्ति, संयम और सेवा का संबल प्राप्त हो।



### संयम ग्रहण के संस्कार साध्वीगण ने कराए विधि क्रिया के साथ हुआ वेश परिवर्तन

आदिनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर ट्रस्ट, सत्वनाद संयमोत्सव समिति द्वारा आयोजित संयम कार्यक्रम में दीक्षा दी गई। सुबह लापसी लूट महा निष्क्रमण भ्रमण यात्रा हुई। इसके बाद संयम ग्रहण की विधि गुरु भगवंत साध्वीगण, चतुर्विद संघ के समक्ष हुई। विधि क्रिया के साथ वेश परिवर्तन, केश लोचन के साथ रुहान मेहता का नवीन नाम साधु हंस भद्र मुनि रखा गया। 13 वर्ष की आयु में दृढ़ निश्चई, ज्ञान पिपासु (अल्पवय में 22 आगम कंठस्थ), बाल दीक्षार्थी, मोक्ष पथ गामी, मुमुक्षु डुग्गू का दीक्षा संस्कार कराया गया। इस अवसर पर सकल समाज, ओसवाल पंचायती, मूर्तिपूजक संघ के पदाधिकारी, ट्रस्टी, समिति के सदस्य सहित अन्य बड़ी संख्या में मौजूद थे।



## तनाव मुक्त रहने गुड बाय टेंशन शिविर का आयोजन 3 जून से...निशुल्क रजिस्ट्रेशन

**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में भिलाई वासियों के लिए विशेष 9 दिवसीय अलविदा तनाव गुड बाय टेंशन शिविर का आयोजन 3 जून से 11 जून तक शाम 7 बजे से 8:30 बजे तक किया जा रहा है। यह नौ दिवसीय अलविदा तनाव शिविर तनाव मुक्ति और आध्यात्मिक जीवन की विशेषज्ञ ब्रह्माकुमारी पूनम के सानिध्य में सम्पन्न होगा। जिनके द्वारा भारतवर्ष में अनेकानेक लोगों ने अलविदा तनाव शिविर के माध्यम से स्वयं को तनाव मुक्त बनाने की विधि सीखकर प्रसन्न सुखशांति जीवन शैली व्यतीत कर रहे है। इस अलविदा तनाव शिविर में मनोस्थिति को शक्तिशाली बनाना और जीवन को सकारात्मकता से भरना मुख्य आकर्षण रहेगा। इस दौरान स्वयं को भीतर से रूपांतरित करने की प्रेरणा, सकारात्मक सोच का प्रभाव, बीमारियों के मूल कारण, तनाव से मुक्ति की दिशा में मार्गदर्शन, परिवर्तन की ओर उत्सव, खुशियों का उत्सव, आनंद उत्सव, ध्यान उत्सव, अलौकिक जन्मोत्सव, महाविजय उत्सव सिखाया जाएगा। यह शिविर हर आयु वर्ग के लोगों के लिए पूर्ण रुप से निशुल्क रहेगा। सीमित सीट होने के कारण सेवाकेंद्र में जाकर रजिस्ट्रेशन या क्यूआर कोड स्कैन करके भी निशुल्क रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

### पर्यावरण दिवस पर निबंध और पोस्टर प्रतियोगिता की प्रवृष्टि 2 तक जमा होगी

**भिलाई।** विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा विद्यार्थियों के लिए 2 वर्गों में शालेय निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। दोनों वर्गों में निबंध प्रतियोगिता का विषय प्लास्टिक कचरे का पर्यावरण पर दुष्प्रभाव एवं इससे बचने के उपाय एवं पोस्टर प्रतियोगिता का विषय धरती को प्लास्टिक कचरे के प्रदूषण से बचाएं है। उक्त प्रतियोगिताओं में प्रथम वर्ग में कक्षा छठवीं से आठवीं तथा द्वितीय वर्ग में कक्षा नवमी से बारहवीं के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। प्रथम वर्ग के बच्चों के लिए निबंध की शब्द सीमा 700 शब्द एवं द्वितीय वर्ग में 1000 शब्द है। पोस्टर एक चौथाई चार्ट पेपर में बनाए जाएंगे। निबंध एवं पोस्टर में पीछे की ओर विद्यार्थी अपना पूरा नाम, शाला का नाम, पूर्ण पता एवं फोन नम्बर का उल्लेख अवश्य करेंगे। उक्त प्रतियोगिताओं हेतु विद्यार्थी अपनी प्रविष्टि 2 जून समय दोपहर 12 बजे से क्षेत्रीय कार्यालय छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल, 32 बंगला में जमा करवा सकते हैं। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार 3 जून को केन्द्रीय विद्यालय, पांच बिल्डिंग रास्ता में सुबह11 बजे आयोजित समारोह में दिया जाएगा। इस संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए प्रतियोगी कार्यालय में पदस्थ नीलेश वर्मा से संपर्क कर सकते हैं।

### लेखा प्रशिक्षण के लिए आवेदन 13 जून तक

**दुर्ग।** संचालनालय कोष, लेखा एवं पेंशन के निर्देशानुसार आगामी लेखा प्रशिक्षण सत्र जुलाई से अक्टूबर 2025 के लिए आवेदन पत्र 13 जून तक आमंत्रित किए गए हैं। यह प्रशिक्षण विशेष रूप से लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिए है। इसके लिए कर्मचारियों के 3 वर्ष की नियमित सेवा पूरा होना जरूरी है। साथ ही जिनकी पदस्थापना लिपिकीय संवर्ग के पद पर हुई है न कि किसी तकनीकी संवर्गीय पद पर। आवेदन पत्र जमा करने की प्रक्रिया 13 जून तक चलेगी। कर्मचारी शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। 13 जून के मध्य की अवधि तक कार्यालयीन समय में आवेदन पत्र स्वीकार किए जाएंगे। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जाएगा। आवेदन जिस सत्र के प्रशिक्षण हेतु किया गया है, उस सत्र के लिये ही मान्य होगा। पूर्व प्रचलित आवदेन पत्र स्वीकार नही किये जायेगें। कोष लेखा एवं पेंशन विभाग के अधिकारियों ने बताया है कि लिपिक वर्गीय कर्मचारी से आशय ऐसे कर्मचारी से है जिनकी पदस्थापना लिपिकीय संवर्ग के पद पर हुई है न कि किसी तकनीकी संवर्गीय पद पर हुआ हो।

### धुम्रपान से कैंसर होने और परिवार को नुकसान होने का किया मार्मिक चित्रण

धुम्रपान निषेध दिवस आज



**भिलाई।** आज पूरे विश्व में विश्व धुम्रपान निषेध दिवस मनाया जाएगा। इस दौरान कई स्थानों में नशा करने से होने वाले नुकसान के प्रति लोगो को जागरुक किया जाएगा। कई जगह कार्यशालाएं भी आयोजित की जाएंगी। जहां पोस्टर और बैनर द्वारा धुम्रपान के दुष्प्रभावों को दर्शाया जाएगा। इसी कड़ी में हर साल 31 मई को मनाये जाने वाले विश्व धुम्रपान निषेध दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ के मॉडर्न आर्ट चित्रकार डी.एस.विद्यार्थी ने तंबाकू के दुष्प्रभाव को दर्शाने के लिए शोख-चटख रंगों से परीपूर्ण पेन्टिंग का निर्माण किया है। जिसमें धूम्रपान से मानव के कंकाल में बदल जाने और कैंसर की चपेट में आ जाने का मार्मिक चित्रण किया है। पेन्टिंग में यह भी दर्शाया गया है कि अंत में उसके नशा करने की सजा उसके परिवार और उसकी पत्नी भुगतना पड़ता हैं। चित्रकार डी.एस.विद्यार्थी अपनी कला के सामाजिक सरोकारात्मक अभिव्यक्ति के लिए जाने जाते हैं। बस्तर के धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र में भी वे विगत अनेक वर्षों से बच्चों को निशुल्क कला सिखाते आ रहे हैं। भिलाई इस्पात संयंत्र से सेवानिवृत्ति के बाद भी वे निरंतर अपनी कला साधना में लगे हुए हैं और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को चित्रों में सजाते रहते हैं।

अधिवेशन में जुटेगा समाज, जनप्रतिनिधियों और प्रतिभावान का होगा सम्मान

## चन्द्रनाहू कूर्मि क्षत्रिय समाज का महाधिवेशन 31 मई और 1 जून को, सीएम साय व पूर्व सीएम होंगे शामिल, ओपी चौधरी करेंगे करियर गाइडेंस

कार्नर न्यूज

**दुर्ग।** सामाजिक बैठक अब केवल समाज की गतिविधियों की चर्चा तक ही सीमित नहीं रह गई है, बल्कि अपने समाज के विद्यार्थियों, युवाओं, किसानों व व्यापारियों को सक्षम और मजबूत बनाने बैठक में करियर गाइडेंस जैसे प्रभावी कार्यक्रमों का समावेश किया जा रहा है। ऐसी ही पहल चन्द्रनाहू कूर्मि क्षत्रिय समाज करने जा रहा है। ग्राम कोलिहापुरी स्थित 36 फोर्ट परिसर में 31 मई और 1 जून को आयोजित दो दिवसीय 54 वें केन्द्रीय महाअधिवेशन में करियर गाइडेंस को लेकर कार्यक्रम आयोजित है। महाधिवेशन की शुरुआत 31 मई को सुबह 9 बजे इष्टदेव एवं महापुरुषों के तैल्यचित्र की पूजा-अर्चना के साथ होगी। इस दिन प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि वित्त मंत्री ओपी चौधरी होंगे। चौधरी महाधिवेश में दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक समाज के विद्यार्थियों, युवाओं, किसानों व व्यापारियों को कैरियर गाईडेंस देकर उनका मार्गदर्शन करेंगे। इस अवसर पर अति विशिष्ट अतिथि के रुप में ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, समाज के प्रदेश अध्यक्ष विनोद चंद्राकर, पूर्व केन्द्रीय अध्यक्ष अश्वनी चंद्राकर मौजूद रहेंगे। अध्यक्षता दुर्ग राज अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर करेंगे। इसके अलावा अन्य अतिथि मौजूद



### 1 जून को आयोजन में प्रदेश के मुख्यमंत्री होंगे शामिल

महाधिवेशन के दूसरे दिन 1 जून को समापन के प्रथम सत्र में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे। अति विशिष्ट अतिथि के रुप में केबिनेट मंत्री ओपी चौधरी, टंकराम वर्मा, सांसद विजय बघेल, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर मौजूद रहेंगे। अध्यक्षता चन्द्रनाहूँ कूर्मि क्षत्रिय समाज छग प्रदेश अध्यक्ष विनोद चंद्राकर करेंगे। साथ ही अन्य अतिथि मंचासीन रहेंगे। समापन समारोह का द्वितीय सत्र दोपहर 2 बजे से शुरु होगा। इस अवसर पर छग के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मुख्य अतिथि होंगे। अति विशिष्ट अतिथि के रुप में गुंडरदेही विधायक कुंवरसिंह निषाद मौजूद रहेंगे। अध्यक्षता चन्द्रनाहूँ कूर्मि क्षत्रिय समाज छग प्रदेश अध्यक्ष विनोद चंद्राकर करेंगे। इसके अलावा अन्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### सामाजिक एकजुटता और संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजन

यह महाधिवेशन चन्द्रनाहू कूर्मि क्षत्रिय समाज को सर्वत्र क्षेत्र में सक्षम और मजबूत बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। जिसमें कई विषयों पर विस्तार से चर्चा और विचार विमर्श किया जाएगा। महाधिवेशन को लेकर समाज के लोगों में उत्साह का माहौल है। फलस्वरुप महाधिवेशन में प्रदेशभर से करीब 7 हजार लोगों के जुटने की उम्मीद है। महाधिवेशन की तैयारी में चन्द्रनाहू कूर्मि क्षत्रिय समाज दुर्ग राज के पदाधिकारी व सदस्य जुटे हुए है। यह बातें चन्द्रनाहूँ कूर्मि क्षत्रिय समाज के पूर्व केन्द्रीय अध्यक्ष अश्वनी चंद्राकर ने शुक्रवार को मीडिया से चर्चा में कही। इस दौरान चन्द्रनाहू कूर्मि क्षत्रिय समाज दुर्ग राज अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, सचिव शिव चंद्राकर, कोषाध्यक्ष चंद्रकिशोर चंद्राकर, केन्द्रीय पदाधिकारी कुंदन चंद्राकर, समाज के युवा नेता विनोद चंद्राकर मौजूद रहे।

### जनप्रतिनिधियों और प्रतिभावान का होगा सम्मान

पूर्व केन्द्रीय अध्यक्ष अश्वनी चंद्राकर ने बताया कि आयोजन करने का 5 वर्ष बाद अवसर मिला है। 31 मई व 1 जून को आयोजित महाधिवेशन में दो अलग-अलग सत्रों में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए है। जिसके अंतर्गत युवा, महिला, व्यापारी प्रकोष्ठ द्वारा सामाजित गतिविधियों पर चर्चा, समाज के जनप्रतिनिधियों का सम्मान, समाज गौरव सम्मान, युवा प्रतिभा सम्मान, छात्र-छात्रा प्रतिभा सम्मान, समाज के संविधान संशोधन के संबंध में चर्चा, सामाजिक प्रकरणों की सुनवाई, आय-व्यय का प्रस्तुतिकरण, सचिव का प्रतिवेदन प्रमुख है। चंद्राकर ने बताया कि स्व. रघुवर चंद्राकर, स्व. चंदूलाल चंद्राकर, स्व. वासुदेव चंद्राकर हमारे समाज के पुरखा हैं। उन्होंने समाज को हर क्षेत्र में नई उचाइयां प्रदान की थी। वर्तमान में यह समाज पुरखों के बताए मार्ग व आदर्शों पर चलकर समाज को सर्वत्र क्षेत्र में सक्षम एवं मजबूत बनाने कार्य कर रहा है।


॥ जय देवांगन ॥
॥ जय मां परमेश्वरी ॥
॥ जय महाजन ॥
प्रदेश देवांगन कल्याण समाज (छ.ग.) पं.क्र. 2338
देवांगन महाकुंभ
01 जून 2025
सामाजिक आस्था का महासंगम
कार्यक्रम में आप समस्त अथियों का हार्दिक
स्वागत वंदन अभिनंदन
स्थान- पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम साइंस कॉलेज मैदान
जी.ई.रोड़ रायपुर छत्तीसगढ़
मुख्य अतिथि
मान. विष्णु देव साय जी
मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन
विशेष अतिथि
मान. लखन लाल देवांगन जी
केबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन
भगवती प्रसाद देवांगन
अध्यक्ष
मुकेश देवांगन
प्रदेश महासचिव
चंद्रिका प्रसाद देवांगन
प्रदेश कोषाध्यक्ष
रवि देवांगन
प्रदेश संगठन मंत्री
विशेष अतिथि
मान. किरण सिहदेव जी
प्रदेश अध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़
पोषण लाल देवांगन
प्रदेश उपाध्यक्ष
महेन्द्र देवांगन
प्रदेश उपाध्यक्ष
मनोहर देवांगन
प्रदेश युवा अध्यक्ष
किरण देवांगन
प्रदेश महिला अध्यक्ष
अध्यक्षता
प्रदीप देवांगन
प्रदेश अध्यक्ष
विनीतः प्रदेश देवांगन कल्याण समाज छ.ग. (पंजीयन क्र. 2338)

किसान अपने खेतों की तैयारी के लिए जुट गए है। घरों के कवेलू और बियारा में रखे पैरे को भी कोठार में रखने की तैयारी कर रहे है। चार महीने मानसून के दौरान खेती की तैयारी शुरु कर रहे है। देश में 75 प्रतिशत किसान है। कर्ज माफी योजना और 3100 रुपये समर्थन मूल्य में अधिकांश किसानों को आर्थिक लाभ हुआ है। किसान खरीफ फसल लेने के पूर्व खेतों की तैयारी में जुट गए है।

# किसान खरीफ फसल की तैयारी में जुटे

हरिभूमि न्यूज ⏭सेलूद

मानसून के पूर्व किसान अपने खेतों की तैयारी बहुत पहले ही शुरु कर देते है, ताकि वर्षा हो और फसल लेने के लिए जुताई कर खेतों में बीज डाल सकें। खेत के पानी जाने वाले स्थानों पर प्लास्टिक बोरियों में मिट्टी भरकर रखना शुरु कर दिए है। बरसात के समय खेत में पानी रोकने के लिए इन्ही मिट्टी भरी बोरियों से खेत के पानी जाने वाले जगहों को बांधकर खेत में आसानी से पानी रोका जा सकता है। पाटन क्षेत्र के उन्नत कृषक खरीफ फसलों की खेती का खेतवार योजना बनाते, अपनें खेतों की स्थिति और मिट्टी के प्रकार के अनुसार, फसल एवं किस्मों का निर्धारण करते है। बीज, बीजोपचार दवा, जीवाणु खाद इत्यादि आदान सामाग्रियों की आवश्यक मात्रा का आंकलन कर, उनकी सूची बनाते है। स्वयं तैयार किया गया बीज ही बोते है, इसलिये थोड़े से रकबे में, लगभग एक एकड़ क्षेत्र में, आधार या प्रमाणित बीज बनाते है। कीमत में ये थोड़े महंगे जरूर होते है लेकिन इनकी गुणवत्ता बहुत ऊंचे दर्जे की होती है। इन बीजों से तैयार फसल स्वस्थ्य एवं ज्यादा पैदावार देने वाली होती है।



## जानवरों का समुचित प्रबंधन हो जाए तो, कृषि क्षेत्र में वरदान साबित

किसान अब ट्रेक्टर के माध्यम से घुरवा खाद भी खेतों में ले जाकर डालने लगे है। वहीं 4100 रुपये समर्थन मूल्य होने से छोटे, बड़े, मंझोले सभी किसान कृषि के क्षेत्र में एक बार फिर से खेती की ओर रुझान करने लगे है। लोगों ने जन चर्चा में बताया कि आगामी खरीफ फसल में सभी किसान अपने खेतों में फसल लेने तैयार नजर आ रहे है। गांवों में जानवरों का समुचित प्रबंधन हो जाए तो कृषि क्षेत्र में वरदान हो जायेगा और किसान निश्चित रुप से आर्थिक रुप से समृद्ध हो जायेगा।

## कृषक अप्रैल माह से खेती-कार्य में जुट जाते



समिति में कृषक अप्रैल माह से ही खाद बीज व नगद राशि का उठाव करना शुरु कर दिए है। किसानों को एक साथ सभी खाद व बीज मिल जाए इस प्रकार की व्यवस्था समिति द्वारा बनाई गई है। किसानों को सबसे अधिक बीज में 1001, आईआर 64, स्वर्णा ,1010 ,एचएमटी एवं खाद में यूरिया पोटाश डीएपी व राखड खाद पर्याप्त मात्रा में मिल जाए ऐसी व्यवस्था बनाकर किसानों को सहूलियत को ध्यान दिया गया है। डीएपी खाद के स्थान पर एनपी के खाद दिया जा रहा है। कुछ किसान डीएपी खाद समिति में आने का इंतजार कर रहे है और खाद की खरीदी समिति से अभी नहीं कर रहे है। किसानों ने बताया कि धान के लिए डीएपी खाद ही सही गुणवत्ता होती है और इससे फसल का उत्पादन सही आता है। सेलूद समिति के अंतर्गत किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ग्राम ढौर व पतोरा के गोदाम से सम्बन्धित गांव के किसानों को खाद बीज वितरण किया जा रहा है। उन गांवों के किसानों को खाद बीज मिलने से किसानों को सहुलियत होने की बात कही।

**मकान बेचना है**

928 स्क्वायर फ़ीट (86.30 SM) का टोटल एरिया ग्राउंड फ्लोर का हाउसिंग बोर्ड से स्वामित्व लिया गया मकान (ऊपर दूसरे का भी घर है) बेचना है। विश्वद्वीप स्कूल के पीछे, हाउसिंग बोर्ड कालोनी दुर्ग

खरीदार ही सम्पर्क करे
9691831767

## खबर संक्षेप

### फैक्ट्री से ढ़ाई लाख का सामान पार

**भिलाई।** फैक्ट्री से ढ़ाई लाख रुपए का सामान गार्ड अपने साथियों के साथ मिलकर चोरी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 306 के तहत जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि मकान नबंर 22 प्लाट नबंर 17 नेहरू नगर पश्चिम सुपेला निवासी रितेश रायका का लाईट इण्डस्ट्रीयल एरिया 32 में रंजना इण्डस्ट्रीज के नाम से फैक्ट्री है। फैक्ट्री गार्ड रईस खान ने अन्य के साथ मिलकर कंपनी से पिग आयरन, प्लेट की कंटिग, मोटर चोरी कर फरार हो गया। फैक्ट्री में माह भर से रात ड्यूटी पर गार्ड रईस खान गार्ड करता था। 30 मई को कंपनी का सामान पिगआयरन, प्लेट की कंटिग, मोटर का साटेज होने पर सीसी कैमरा चेक किया गया।

### जामुल तोड़ते समय युवक पेड़ से गिरा, मौत

**भिलाई।** जामुल पेड में चढ़ा युवक अचानक गिरने से उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सुपेला निवासी राकेश गुप्ता 35 वर्ष सेक्टर 6 सड़क 31 में स्थित जामुल पेड है। जहां राकेश जामुल तोड़ने के लिए पेड पर चढ़ा हुआ था। अचानक पेड से गिरने से मौत हो गई। लेकिन पेड से गिरते और चढ़ते हुए किसी ने युवक को नहीं देखा है। संदेह जताया जा रहा है कि गिरने से उसकी मौत हुई है।

### नहीं रहे अमृता वर्मा



**दुर्ग।** न्यू आदर्शनगर पोटिया निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक सुदर्शन वर्मा की पत्नी अमृता वर्मा का शुक्रवार की शाम 5 बजे निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 31 मई की सुबह 11 बजे शिवनाथ नदी महमरा घाट मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे राघवेंद्र वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा व निलिमा देशमुख की मां थी।

### सुशासन शिविर त्वरित समस्या निवारण का शानदार प्लेटफार्म, जनता भरपूर उठाएं लाभ : कीर्ति

# सुशासन तिहारः नए राशन कार्ड और जॉब कार्ड बने, 3095 आवेदन में 3081 निराकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭जामगांव आर

छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा चलाए जा रहे सुशासन त्यौहार के तहत भरर में शिविर का आयोजन गुरुवार को हुआ। ग्रामीणों की समस्याओं का व्यापक समाधान करते हुए 3095 आवेदनों में से 3081 का त्वरित निराकरण एसडीएम लवकेश ध्रुव एवं जनपद सीईओ जोगेंद्र साहू की उपस्थिति में किया गया। शिविर स्थल पर प्राप्त आवेदनों पर भी त्वरित कार्यवाही की गई। शिविर में हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभ प्रदान किया। जिसमें जॉब कार्ड, नवीन राशन कार्ड, दिव्यांग युवती को व्हीलचेयर, मछुवारा समूह को आइस किट, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृति पत्र और पूर्ण आवास की चाबियों का आदि वितरण हुआ।



### शिविर में अधिकारी नेता समस्या निपटाने में सक्रिय रहे

शिविर में एसडीएम लवकेश ध्रुव, जनपद सीईओ जागेंद्र साहू, जनपद पंचायत पाटन अध्यक्ष कीर्ति नायक, जिला पंचायत सदस्य कल्पना नारद साहू, जनपद उपाध्यक्ष कमलेश वर्मा,भाजयुमो नेता नारद साहू,जनपद सभापति रवि सिन्हा,जनपद सदस्य रामकुमार चंद्राकर,प्रणव शर्मा,भरर सरपंच कोशिल्या छबिलाल साहू, मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू,पाटन मंडल अध्यक्ष रानी केशव बंछोर,पूर्व मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू,पूर्व मंडल अध्यक्ष धनराज साहू,मंडल कोषाध्यक्ष निर्मल जैन,पूर्व जिला पंचायत सदस्य जयप्रकाश चंद्राकर,भगवान सिंह चंद्राकर,रूपसिंह सिन्हा,नारद साहू,बेनी राम साहू,दानी वर्मा,राजेश बंछोर,नरेश केला,अरुण चंद्राकर,अंगेश्वर साहू,कन्हैया लाल साहू,मुकेश साहू,विजय साहू,मोगन सपहा,जिनेश जैन,मुकुंद विश्वकर्मा, आदि मौजूद थे।

### अमलेश्वर में जनसमस्या निवारण शिविर



**पाटन।** सुशासन तिहार के अवसर पर नगर पालिका परिषद अमलेश्वर द्वारा आम जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए एक विशेष जनसेवा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर शासकीय प्राथमिक शाला, वार्ड-8 अमलेश्वर में संपन्न हुआ। इस शिविर में नपा अध्यक्ष दयानंद सोनकर, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू सहित पालिका के वार्ड-8 के पार्षद डोमन यादव, वार्ड 9 की पार्षद मालती साहू, लेखनी साहू, भेजलाल सोनकर, हेमलाल साहू, सेवती निषाद, मीना रानी चेलक दीपक घिंघोड़े, राजू सोनकर तथा घनश्याम साहू जनप्रतिनिधियों की भी सक्रिय भागीदारी रही। नगरवासियों ने भी शिविर में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी विभिन्न समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखी। मौके पर ही कई मामलों का समाधान किया गया, जबकि शेष समस्याओं के शीघ्र निराकरण का आश्वासन अधिकारियों द्वारा दिया गया।

### विभागों ने सक्रियता के साथ निपटाए

विभिन्न विभागों के स्टॉल पर ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों को योजनाओं की जानकारी दी गई तथा उन्हें इनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और शिशुओं का अन्नप्राशन संस्कार भी सम्पन्न कराया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया, जिससे सैकड़ों ग्रामीण लाभान्वित हुए।

### सुशासन शिविर समस्या निवारण के लिए लाभदाई प्लेटफार्म

शिविर के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष कीर्ति नायक ने कहा कि आम जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए शिविरों का लगातार आयोजन छत्तीसगढ़ भाजपा सरकार द्वारा किया जा रहा है। शिविर में विभागीय अधिकारी कर्मचारी सक्षम अधिकारी सभी एक ही स्थल पर उपलब्ध होते है साथ में जनप्रतिनिधि भी सहायता निगरानी के लिए उपलब्ध होते है। भरपूर लाभ आम जनता को उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भरर आयोजित शिविर सफलता की कहानी बया कर रही है। जिला पंचायत जल मिशन सभापति कल्पना नारद साहू के मार्गदर्शन में मोर गांव मोर पानी जल संरक्षण का शपथ ग्रहण हुआ। मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू की टीम सक्रिय रही।



## मुख्यमंत्री साय शादी के वर्षगांठ की दी बधाई, लिया आशीर्वाद



**भिलाई।** रायपुर मुख्यमंत्री हाउस में जाकर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संतोष साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उनकी धर्मपत्नी कौशल्या साय को वैवाहिक वर्षगांठ की दी बधाई, लिया आशीर्वाद।

### सुशासन तिहार का हुआ समापन, पालिकाध्यक्ष ने किया किट वितरण

# गर्भवती महिलाओं को मिला सुपोषण किट

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर पालिका परिषद जामुल में सुशासन तिहार के तहत समाधान शिविर का आयोजन ग्राम सुरडुंग में स्थित मंगल भवन में था। यहां वार्ड 19-20 के वार्डवासियों की जनता के समस्याओं के निदान के लिए शिविर लगाया गया। शिविर के समापन में नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने गर्भवती महिलाओं को सुपोषण टुकनी वितरण किया। नपा अध्यक्ष ने कहा कि राज्य शासन द्वारा आयोजन सुशासन तिहार के शिविर में विभाग को मिले आवेदनों को निराकरण किया गया है। उन्होंने कहा कि इसके लिए सीएमओ सीमा बख्शी व पालिका के कर्मी, अधिकारियों को शुभकमाएं भी देता हूं। पालिका में जनता की किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो उसे प्रमुखता से सुलझाया जाए। जिससे जनता को जल्द लाभ मिल सके। शिविर का समापन में आभार सीमओ सीमा बख्शी ने किया है। शिविर में जिला भाजपा महामंत्री प्रेमलाल साहू, विजेन्द्र सिंह विशेष रुप में मौजूद थे।



### सीएमओ ने सफाई का लिया जायजा

पालिका क्षेत्र के वार्डो की सफाई व्यवस्था का जायजा लेने सीएमओ सीमा बख्शी पहुंची थी। इस दौरान सीएमओ ने वार्ड 8,11,12,13,14 के नालियों का प्रमुख निकासी नाला सफाई का निरीक्षण किया। वार्ड 10 में चल रहे सफाई कार्यो का जल्द से पूर्ण करने निर्देशित भी किया है। वार्ड 19,20 का सफाई व्यवस्था का जायजा भी लिया है। सीएमओ सीमा बख्शी ने कहा कि बारिश के पहले जामुल पालिका क्षेत्र की सफाई व्यवस्था बेहतर हो जिससे जल भराव की स्थिति यहां ना बने। इसके लिए सुपरवाइजरों को भी निर्देशित किया गया है।

## अंचल की खबरें

### श्रमदान कर मनाई अहिल्या बाई की जयंती



**उतई।** नगर पंचायत उतई में राजमाता अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती पर लोगों ने श्रमदान कर धार्मिक स्थल, तालाब, कुआं, नलकूपों,चौक-चौराहों के आसपास साफ-सफाई की। राजमाता अहिल्या बाई होल्कर की जीवन परिचय टेलीविजन के माध्यम से प्रसारण कर दिखाया गया। साथ ही डोर टू डोर कचरा कलेक्शन में लगे स्वच्छता दीदियों,स्वसहायता समूहों के सदस्यों का नगर पंचायत उतई के सभागार में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती नरेंद्र साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र नायक, उपाध्यक्ष शिवनारायण देशमुख, रमशिला नेताम, शोभेंद्र सोनू राजपूत, राकेश साहू ,लक्ष्मी नारायण साहू,सतीश चंद्राकर,लता सोनवानी,भीमसेन सिंहा,विजय लक्ष्मी साहू,द्वारिका साहू,खूबी राम साहू,अनिता गढ़े,शिव ठाकुर,संगीत रजक,सुनीता चंद्राकर उप अभियंता आशीष कुमार भारती,सहायक राजस्व अधिकारी अंकालू राम साहू,नंदलाल चौधरी,बुधराम साहू,विनोद ध्रुव, डीकेस साहू,रविकांत सहित नगर पंचायत के सभी शासकीय एवं प्लेसमेंट कर्मचारी उपस्थित थे।

### पूर्व गृहमंत्री ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के पूर्व विधायक व पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के ग्राम महमरा, चंगोरी, बिरेझर, बिरेझर भांठा, थनौद, अंजोरा ख, सिलोदा, खपरी, रसमड़ा एवं पीपरछेड़ी में जनसम्पर्क दौरा कर लोगों की समस्याएं सुनी। उनके कार्यकाल में स्वीकृत किए गए विकास कार्यों की यथास्थिति की जानकारी ली। साहू ने कहा कि दुर्ग ग्रामीण विधानसभा का चहुंमुखी विकास कांग्रेस पार्टी की देन है। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के विकास के लिए जो भी मांगें रखी गईं, पूर्व कांग्रेस सरकार में पूरी हुईं और क्षेत्र ने प्रगति के नए सोपान गढ़े। वर्तमान भाजपा सरकार के कार्यकाल में विकास कार्य रुक गए हैं। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में कृषि मंडी से लगभग क्षेत्र में विभिन्न ग्राम पंचायत में स्कूल भवन, डोम शेड निर्माण कार्य, हाट बाजार शेड, सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, सीसी सड़क निर्माण कार्य सहित अन्य कार्यों के लिए 300 करोड़ का काम स्वीकृत कराया गया, लेकिन वर्तमान में भाजपा सरकार द्वारा इसे निरस्त करवा दिया। जिसका टेंडर हो गया था जिसके बाद भी इन कार्यों को निरस्त कर दिया। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश देखने को मिल रहा हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व में कांग्रेस सरकार द्वारा जन कल्याणकारी योजनाएं लागु कर हर वर्ग के लोगों लाभ पहुंचाने का काम हमारी सरकार ने किया था। इस अवसर अध्यक्ष केश शिल्प कला बोर्ड नंद कुमार सेन, पूर्व जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख,जनपद सदस्य प्यारी बाई निषाद,पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष रिवेन्द्र यादव,पूर्व जिला पंचायत सदस्य योगिता चन्द्रकार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू,सरपंच नर्मदा ठाकुर, मनसुख टांक, जनपद सदस्य किशोरी देशमुख, दामिनी साहू आदि मौजूद थे।

### एक दिवसीय पाटन प्रवास पर

## दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र को मंत्री न बनाया जाना दुर्भाग्यजनक : रमेश

**पाटन।** सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु एक दिवसीय पाटन प्रवास पर रहे। उन्होंने छत्तीसगढ़ और ओडिशा में यादवों की स्थिति पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि ओडिशा प्रदेश में यादवों की जनसंख्या ज्यादा है। मंत्रीमंडल में एक भी सदस्य नहीं है। जबकि ओडिशा के पांच बार मुख्यमंत्री रहे नवीन पटनायक को हराने वाला यादवों के नेता लक्ष्मण बाघ यादव हैं। लक्ष्मण बाघ यादव को उपमुख्यमंत्री बनाया जाना था।

दुर्ग शहर से 50 हजार से भी ज्यादा मतों से जीतने वाले गजेंद्र यादव को भी मंत्रीमंडल में शामिल नहीं किया गया, यह दुर्भाग्यजनक है। यदु ने कहा कि शासन द्वारा आयोग, निगम, मंडल में यादव समाज की घोर उपेक्षा की गई। नवनियुक्त सदस्यों को उनके पदों से हटाकर प्रमोशन दिया गया। प्रदेश में एक तरफ सैकड़ों की संख्या में स्कूल बंद हो रहे हैं, दूसरी तरफ शराब भट्टी की संख्या बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ और ओडिशा में यादव समाज को सम्मान मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि अन्य समाजों में मानिकपुरी, कोलता, सारथी, नगरची, माली, सूर्यवंशी, सतनामी, कुशवाहा, अहिरवार, राठौर, कहा, धाकड़, वैष्णव, महार, लोधी, गडरिया पाल, यादव, कंडरा, बसोड़, देवांगन, अमात्य गोंड़, सांवरा सोनकर, घसिया समाज, गाड़ा समाज को भी सम्मान मिलना चाहिए।



**लीना को राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मानः** अंडा। ग्राम कुथरेल निवासी एवं शासकीय स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कोइलीबेड़ा कांकेर के शिक्षक लीना साहू को एससीईआरटी कैम्पस जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाईट) शंकर नगर, रायपुर में गणित में उत्कृष्ट नवाचार के लिए राष्ट्रीय नवाचार गतिविधियां, भारत के द्वारा राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान से नवाजा गया।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक पाटन, पाटन (छ.ग.)**

**आम सूचना**

विषयः सीमांकन बाबत।

एतत द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि तहसीलदार पाटन के आ.क्र 380/प्र.तह./2024 दिनांक 25/04/2025 के पालन में ग्राम सुपकोना पहन 34 भूमिस्वामी श्री सालिकराम पिता द्वारिका निवासी सुपकोना द्वारा आवेदित ग्राम सुपकोना स्थित भूमि खसरा क्र. 697, 699, 734, 741, 744 रकबा 0.98, 0.32, 0.85, 0.89, 1.69 जिसकी सीमा उत्तर में तिहारू राम / बनाराम, कविता जौ. कमलेश दक्षिण में रामस्नेही/गनेश, राजकुमार/जेठूराम, जगन्नाथ/जेठूराम मनोज/दुखूराम साहू पूर्व में योगेश/केरूराम रामाधार/लच्छू पश्चिम में रेशम/बलदाऊ बंजारे, कृष्णकुमार/वासुदेव तिहारू/बनाराम है। का सीमांकन दिनांक 04/06/2025 को पूर्वान्ह/अपरान्ह 11-5 बजे किया जायेगा।

कोई भी व्यक्ति जो उक्त खसरा नम्बर की भूमि में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष हित रखते हो तो अपने स्वत्व अर्जन के वैध दस्तावेज नक्शा, खसरा, ले आउट तथा रजिस्ट्री प्रतिलिपि सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। तत्पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी।

राजस्व निरीक्षक
पाटन (छ.ग.)

**शपथ पत्र**

मै शपथकर्ती रेमन बाई पति शत्रुहन बंजारे उम्र 42 वर्ष जाति सतनामी निवासी- टेमरी तहसील पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) जो निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूं कि :-

1. यह कि मै उपरोक्त दर्शित पते का स्थायी निवासी हूं।
2. यह कि मेरी शादी ग्राम टेमरी निवासी संतराम बंजारे पिता सराघूराम बंजारे के साथ सन 1997 मे विवाह संपन्न हुई थी, दोनों के दांपत्य सहचर्य से एक पुत्री पूजा कुमारी का जन्म हुआ विवाह के दो वर्ष बाद मेरे पति लगातार अस्वस्थ होने के कारण वर्ष 1999 मे मृत्यु हो गई मृत्यु पश्चात ग्रामीणो एवं बुर्जुगो की सलाह पर मेरे पति के छोटे भाई (देवर) शत्रुहन बंजारे पिता सराघुराम बंजारे के साथ चूड़ी प्रथा से विवाह हुआ।
3. यह कि ग्राम टेमरी पहनं. 51 तहसील पाटन जिला दुर्ग मे सामिलात कृषि भूमि खसरा नं. 584/3, 584/4 रकबा क्रमशः 0.21, 0.14 हे. स्थित है, जिसमे बतौर नाम शत्रुहन पिता सराघु, पूजा पिता संतराम, रेमन बेवा संतराम दर्ज है जिसे रेमन बेवा संतराम के स्थान पर रेमन पति शत्रुहन किये जाने हेतु राजपत्र मे प्रकाशन हेतु सक्षम अधिकारी के समक्ष शपथपूर्वक प्रस्तुत है।

शपथकर्ती

**सत्यापन**

मै शपथकर्ती यह सत्यापित करती हूं कि शपथ पत्र की कंडिका क्र. 01 से लेकर 03 का कथन निजी जानकारी के अनुसार सत्य व सही है अतः आज दिनांक 28.05.2025 को मुकाम पाटन मे पढ़कर, समझकर अपना हस्ताक्षर कर दिया।

रेमन
सत्यापनकर्ती

**// शपथ पत्र //**

मै चंद्र कुमार यादव (CHANDRA KUMAR YADAV) उम्र 52 वर्ष पिता राम सिंह जाति रावत, निवासी ग्राम जामगांव आर, तहसील पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.) का निवासी हूं जो कि शपथ पूर्वक बयान करता हू कि :-

1. यह है कि मै उपरोक्त दिये गये पते का स्थायी निवासी हूं।
2. यह है कि मेरे आधार कार्ड मे मेरा नाम चंद्र कुमार यादव पिता राम सिंह जन्मतिथी 27.09.1973 निवासी जामगांव आर, तहसील पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.) दर्ज है। आधार नं. 4383 6126 7283 है।
3. यह है कि मेरे ड्राईविंग लाइसेंस मे मेरा नाम C.K RAWAT पिता R.S RAWAT दर्ज हो गया है।
4. यह है कि चंद्र कुमार यादव पिता राम सिंह एंव C.K RAWAT पिता R.S RAWAT एक ही व्यक्ति है।
5. यह है कि भविष्य मे मेरे नाम बाबत किसी भी प्रकार की विवाद स्थिति बनती है तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी।

अतः यह शपथपत्र सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूँ कि शपथ पत्र बयान की कुल कंडिया क्रमांक 1 से 5 तक दी गई समस्त जानकारी मेरी निजी ज्ञान व विश्वास से सही व सत्य है। अतःआज दिनांक 29/05/2025 को स्थान पाटन में पढकर व समझकर अपना हस्ताक्षर कर दिया।

शपथकर्ता

### जोरातराई में स्वच्छता अभियान, बारिश से पहले गांव में सफाई

**बालोद।** कलंगपुर स्वच्छ भारत मिशन के तहत गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम पंचायत जोरातराई मे बारिश शुरुआत होने के पूर्व गांव के राम जानकी स्वसहायता समूह के सदस्यों सहित सरपंच बृजलाल साहू, उपसरपंच चन्द्रशेखर साहू एवं सभी पंचगणों के उपस्थिति मे ग्राम के हृदय स्थल बाजार चौंक, रामजानकी मंदिर परिसर एवं गांव के चौंक चौराहे संहित विभिन्न स्थलों की साफ–सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर स्वसहायता समूह के अध्यक्ष कुलेश्वरी साहू, पूर्व सरपंच रेणुका ठाकुर, समाज सेवी कौशिक साहू, गोविंद चन्द्राकर, सचिव बीरेन्द्र साहू, गायत्री, हेमबाई, तेजेश्वरी, खेमिन सहित समूह के सदस्य उपस्थित थे।

# कलेक्टर की मिलरों को फटकार, खराब हो रहा 1857 करोड़ का धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

बारिश के दौर के बीच अब तक जिले के संग्रहण केन्द्रों से धान का उठाव नही किया गया है। गुरूवार को कलेक्टर ने जिले के मिलरों की बैठक लेकर जल्द ही धान के उठाव के निर्देश दिए है, वही उन्होने नीलामी बाद उठाव नही करने पर फटकार लगाई है। दुर्ग के आलावा बेमेतरा और बालोद में 18 सौ करोड रूपए से अधिक का धान बारिश में खराब होने के कगार पर है। प्रदेश में करीब 35 लाख टन धान की नीलामी राज्य शासन द्वारा की गई हैं। संग्रहण केन्द्रों में रखे धान की नीलामी की प्रक्रिया भी निपट चुकी है। लेकिन मिलर उठाव करने में रूचि नही दिखा रहे है। डीएमओ भौमिक बघेल ने बताया कि, जिले में 19 सौ रूपए क्विंटल तक के रेट आए है। बहरहाल राज्य स्तर पर गठित टीम बोलीकर्ताओं द्वारा लगाए गए दर का परीक्षण करेगें। जिसके बाद धान के उठाव में तेजी आएगी। बहरहाल रोज बारिश का दौर शुरू हो गया है। जिससे संग्रहण केन्द्रों में रखा गया धान खराब हो रहा हैं।

## ई-ऑक्शन के जरिए नीलामी के बाद भी मिलर नहीं उठा रहे धान

**खास बातें**

- बारिश के दौर में भी नहीं उठे करोड़ों रूपए के धान
- नीलामी के चक्कर में शासन को होगा करोड़ों का नुकसान



### नुकसान के बाद नहीं लगेगा हाथ

राज्य शासन को धान खरीदने के बाद सोसायटी में खरीदी से लेकर उठाव तक 28 रूपए का खर्च आता है। लेकिन इसके बाद भी राज्य शासन नुकसान पर 19 रूपए किलो में धान बेच रही है। इसके बाद भी अगर धान का संग्रहण केन्द्रों से उठाव नही हुआ तो राज्य के हाथ कुछ भी नही लगेगा, वही बारिश से अगर धान अंकुरण हो गया तो शत प्रतिशत नुकसान तय है।

### तीनों जिले में 18 अरब का धान डंप

जानकारी अनुसार जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक के अधीन आने वाले दुर्ग जिले के संग्रहण केन्द्र में पांच लाख 64930 क्विंटल रखे हुए है, वही बेमेतरा जिले में 28 लाख 3 हजार 320 क्विंटल धान और बालोद जिले में 26 लाख 22 हजार क्विंटल का धान डंप है। इस तरह तीनों जिले में 59 लाख 90 हजार 430 क्विंटल धान सोसायटियों से लाने के बाद निराकरण नही हो पाया है। जिसकी जिम्मेदारी मार्कफेड की है। प्रति क्विंटल 31 रूपए में खरीदे के हिसाब से तीनों जिले में 18 अरब 57 करोड तीन लाख 33 हजार रूपए का धान भगवान भरोसे हैं। जिसमें पुराने बारदाने में रखे धान को 19 सौ और नए बारदाने के धान के लिए 1950 रूपए क्विंटल तक की दर बोलीकर्ताओं ने लगाए है। यह दर राज्य शासन द्वारा निर्धारित किए गए थे। लेकिन बोली में इससे ज्यादा दर राज्य शासन को नही मिले है।

### उठाव के निर्देश

संग्रहण केन्द्रों में रखे गए धान के उठाव करने निर्देश दिए गए है। नीलामी की प्रक्रिया चल रही हैं। बैठक में जल्द से जल्द उठाव करने निर्देश दिए हैं। डीओ भी जारी हो गया है।
**-भौमिक बघेल,**
डीएमओ, दुर्ग

## खबर संक्षेप



### देवी अहिल्या बाई होल्कर की आज मनेगी जयंती

**दुर्ग।** नगर निगम दुर्ग द्वारा देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वी जयंती के उपलक्ष्य में निगम के क्षेत्र अंतर्गत उत्कृष्ठ कार्य करने वाली महिलाओ खासकर महिला उत्थान, महिला सशक्तिकरण शिक्षा स्वास्थ्य सामाजिक कार्य एवं स्वच्छता दीदीयो का सम्मान समारोह एवं देवी अहिल्या बाई होलकर जीवनी संबंधित कलाकारों का मंचन का आयोजन 31 मई को समय 10.30 बजे नगर पालिक निगम दुर्ग सभागृह में किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य-अतिथि सासंद विजय बघेल,शहर विधायक गजेंद्र यादव, ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर, जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, महापौर अल्का बाघमार, सभापति श्याम शर्मा आदि मौजूद रहेंगे।

### जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 2 को

**दुर्ग।** जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 2 जून को दोपहर 2 बजे जिला पंचायत के सभा कक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के कार्यों की समीक्षा, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना विभाग के कार्यों की समीक्षा, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना विभाग के कार्यों की समीक्षा, लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा, सहित अन्य विषय पर भी चर्चा की जाएगी।

### देश के इकलौते रिवाल्विंग स्टेज पर रशियन कलाकार करते थे नाटक

# रंगमंच को राष्ट्रीय फलक दिलाने वाला नेहरु भवन अब मांग रहा कायाकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

मिनी भारत भवन के रुप में नाटकों सहित विभिन्न सांस्कृतिक आयोजनों का एकमात्र आडिटोरियम नेहरु सांस्कृतिक भवन सेक्टर 1 कायाकल्प मांग रहा है। रशियन कलाकारों के पसंदीदा रहे पचास साल पुराने देश के इस अनूठे प्रेक्षागृह का स्वरुप बदलने और जर्जर हो जाने से कलाकारों को नाट्य मंचन आदि सांस्कृतिक आयोजनों के लिए परेशान होना पड़ रहा है। रंगकर्मी चाहते हैं कि बीएसपी प्रबंधन जल्द इसे आधुनिक थिएटर के रुप में रिनोवेट करे,जिससे यहां के प्रतिभावान कलाकारों को फिर से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल सके।

उल्लेखनीय है कि बीएसपी द्वारा रंगमंच और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए 70 के दशक में सेक्टर 1 में निर्मित भव्य आडिटोरियम (प्रेक्षागृह) पिछले दस बारह वर्षों से जर्जर हो जाने से कलाकारों को नाटकों आदि कार्यक्रमों के लिए कई तरह की परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। रंगमंच की गतिविधियां थम सी गई हैं।

कुछ साल पूर्व बीएसपी द्वारा भिलाई के रंगमंच व कलाकारों को राष्ट्रीय स्तर का गौरव दिलाने वाले देश में अपनी तरह के इस अनूठे प्रेक्षागृह के स्टेज का स्वरुप बदल देने से आयोजकों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। भवन बाहर से भी जर्जर हो चुका है।

कलाकारों के मुताबिक संधारण के दौरान रशियन कलाकारों द्वारा 70 के दशक में नाट्य आयोजन के अनुरुप बनवाए गए रिवाल्विंग स्टेज को हटा दिए जाने और समतल मंच के भी ऊबड़-खाबड़ हो जाने से मंचन के दौरान परेशानी होती है। रिवाल्विंग होने से बड़े कार्यक्रम व नाटक के लिए एक साथ 4 सैट होते थे। स्टेज में परदा दो हिस्सों में नहीं बल्कि धीरे धीरे ऊपर उठता था, जिसे भी बदल हटा दिया गया ।

इसी तरह आवाज को गूंजने से रोकने के लिए दीवारों में लगे वुडन व झूलते कर्टन को निकालकर प्लाइनुमा सनमाइका लगा दिए जाने से आवाज इको होने और अस्पष्ट होकर ठीक से सुनाई नहीं देती है। भवन की कई पुरानी कुर्सियां भी टूट गई हैं। कलाकार इस प्रसिद्ध भवन के पुराने स्टेज व हाल की इन टेक्निकल विशेषताओं को दृष्टिगत रखते हुए प्रेक्षागृह को सफल आयोजनों के लिए आधुनिक रुप से तैयार किए जाने की मांग की है।

### जर्जर भवन को आधुनिक रुप देने की कलाकारों ने की मांग



### मुक्ताकाशी मंच को भी नया स्वरुप दिए जाने की दरकार

मशहूर रंग निर्देशक बाबा कारंत व शास्त्रीय गायक बड़े गुलाम अली से लेकर पूर्व पीएम राजीव गांधी, इस्पात मंत्री रामविलास पासवान और अभिनेता रजा मुराद तक कई हस्तियों तथा राष्ट्रीय फलक दिलाने वाले सैकड़ों कलाकारों व नाटकों का गवाह रहा इस्पातनगरी की शान रहे इस नेहरु हाउस को रंगकर्मी रिनोवेशन के साथ मिनी भारत भवन के रुप में विकसित होते देखना चाहते हैं। इसके लिए भवन के जर्जर हो रहे बाहरी की दीवारों, स्लैब व दरवाजे तथा नाटस संस्थाओं के कक्षों को नए सिरे से मरम्मत किए जाने की जरुरर बता रहे हैं। कलाकारों ने बताया कि भवन के बाहर भी सीढ़ियों की गैलरी वाले मुक्ताकशी मंच को भी रिनोवेट किया जाने की जरुरत है। भवन के टूट फूट वाले ग्रीनरुम,प्रसाधन, टायलेट आदि के संधारण के साथ पेयजल, लाइटिंग, साउंड सिस्टम आदि सुविधाओं को दुरुस्त किए जाने से नाटकों सहित सांस्कृतिक आयोजनों में कलाकारों व आयोजकों को सुविधा होगी । इससे पुराना सांस्कृतिक वैभव लौटने के साथ बीएसपी को मनोबल बढ़ाने का श्रेय मिलेगा।

# मालवीय नगर चौक का होगा रेनोवेशन



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

मालवीय नगर चौक का (रेनोवेशन) कायाकल्प किया जाएगा। जिला प्रशासन व निगम प्रशासन ने इसका पूरा खाका तैयार कर लिया है। इसमें करीब 77.80 लाख की लागत आएगी। इससे ट्रैफिक जाम से जूझ रहे आम लोगों को बड़ी राहत मिलने वाली है।

- महापौर व कमिश्नर ने कार्य स्थल का किया निरीक्षण

मालवीय नगर चौक में ट्रैफिक व्यवस्था के साथ साथ बेहतर लुक देने की तैयारी आज शाम को महापौर अलका बाघमार एवं कमिश्नर सुमित अग्रवाल द्वारा कार्य स्थल का निरीक्षण कर जल्द कार्य शुरू करने के लिए मौजूद अधिकारियो को निर्देश दिया गया है। सड़क सुरक्षा हेतु मालवीय नगर में डीएमएफ मद निर्माण कार्यो की लागत राशि 77.88 लाख रुपये से कराएगा। इसमें मालवीय नगर चौक की रोटरी और आइलैंड को री-डिजाइन करने के साथ ही प्लेस मेकिंग के आकर्षक काम कराए जाएंगे। इसके साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था में अवरोध बने बिजली के खम्भे, डिवाइडर और ट्रैफिक सिग्नल को शिफ्ट किया जाएगा। फिलहाल चौक के सर्वे का काम पूरा हो चुका है।

### लोगों को ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत

सर्वे का काम हो चुका पूरा कायाकल्प करने का रोड मैप तैयार हुआ है, इस संबंध में जानकारी में बताया कि सर्वे रिपोर्ट के आधार पर मालवीय नगर चौक की री-मॉडलिंग और प्लेस मेकिंग के काम कराए जाएंगे। इसमें कुछ जगहों पर रोटरी और आईलैंड को री-डिजाइन किया जाएगा। ट्रैफिक जाम से राहत देने की तैयारी, चौक पर ट्रैफिक सुगम बना रहेगा और शहरवासियों को ट्रैफिक जाम की समस्या से बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही डिवाइडर का विस्तार करते हुए स्पीड टेबल और रंबल स्ट्रिप बनाने की तैयारी है। शहर में प्रवेश करने पर लोगों को अच्छा एहसास हो, इसके लिए मालवीय नगर चौक पर प्लेस मेकिंग का आकर्षक कार्य कराया जाएगा।

# धर्मांतरण मामले में पुलिस ने तीन युवक और पांच महिलाओं को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



धर्मांतरण के आरोप को लेकर पुलिस ने 9 पर पुलिस ने कार्रवाई कर उन्हें गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है।

एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि 29 मई को रायपुर नाका दुर्ग निवासी मधु तांडी के निवास पर रात 10.15 बजे मसीह समाज के लोग पास्टर ममता दीक्षित, रिबैरो विलियम्स, सुमन दीप, नीता बघेल, देवंती बघेल, बिन्नी तांडी, सतन दीप, राजेश पटेल सभी मिलकर प्रेयर कर रहे थे। जबकि राजेश पटेल हिंदू परिवार से है। उसके घर में आकर मसीह समाज के लोगों ने प्रेयर कर भजन कीर्तन कर रहे थे। परिजनों को मसीह धर्म परिवर्तन करने पर परेशानी नहीं होने की बात कहते रहे। पुलिस ने रायपुर नाका चर्च के पास दुर्ग थाना पद्मनाभपुर निवासी मधु टांडी उम्र 35 वर्ष, सेक्टर 7, विलियम 36 वर्ष, खंडेलवाल कॉलोनी दुर्ग, ममता कुमारी 50 वर्ष रायपुर नाका वार्ड 47 दुर्ग, राजेश पटेल 35 वर्ष, शुभम दीप, हुडको नीता बघेल 40 वर्ष, रायपुर नाका बिनी टांडी 30 वर्ष, सपन दीप 42 वर्ष , हुडको देवंती बघेल को पकड़ा गया। इन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

- आरोपियों को न्यायिक रिमांड में भेजा गया जेल

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की शुरूआत अहिल्या ने 300 वर्ष पहले की: विधायक ललित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

महिलाओं के लिए गुणात्मक व्यापार और उन्हें शिक्षा से जोड़ने अहिल्या बाई होलकर ने तीन सौ वर्ष पहले की थी। उक्त बातें दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने रिसाली निगम के सभागार में कही। देवी अहिल्या बाई होलकर जयंती सम्मान समारोह में वें शामिल हुए स्वच्छता दीदी और निगम में उतकृष्ट कार्य करने वाली महिला कर्मचारियों का सम्मान महापौर शशि सिन्हा और विधायक ललित चंद्राकर ने किया।

- स्वच्छता दीदियों का किया गया सम्मान

दुर्ग ग्रामीण विधायक ने कहा कि मंच पर महिलाओं का सम्मान एक प्रतीक है। असल में हम सभी मातृशक्ति का सम्मान करते है। उन्होंने अहिल्या बाई होलकर द्वारा किए कार्यो को अनुकरणीय कहा। दुर्ग ग्रामीण विधायक ने कहा कि अहिल्या देवी सामान्य मध्यम वर्गीय परिवार में जन्म लेकर एक कुशल न्याय प्रिय शासक की भूमिका और महिलाओं के उत्थान के लिए किए गए कार्यो को महत्वपूर्ण निरूपित किया। साथ ही उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली सैन्य अधिकारी के कार्यो को रेखांकित किया। इस अवसर पर सभापति केशव बंछोर, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, पार्षद माया यादव, शीला नारखेड़े, रमा साहू ने भी संबोधित किया। मौके पर एमआईसी जहीर अब्बास, अनिल देशमुख, संजू नेताम, पार्षद सुनंदा चंद्राकर, सारिका साहू, सरिता देवांगन, राहुल राय, अनुपम साहू, राजू जंघेल आदि उपस्थित थे।



### नारी सम्मान हर दिन हो

सम्मान समारोह में रिसाली महापौर शशि सिन्हा ने कहा नारी शक्ति का प्रतीक है। सम्मान प्रत्येक दिन हो। उन्होंने नारी की शक्ति को देवी रूप निरूपित की। अपने उद्बोधन में उन्होने सम्मानित होने वाली कर्मियों को बधाई दी।

### इनका हुआ सम्मान

एस.एल.आर.एम. सेंटर रूआबांधा की सुपरवाइजर माधुरी, डुण्डेरा पूजा यादव, सिटी मिशन प्रबंधक अरूणा धृतलहरे, संपत्तिकर विभाग वर्षा देशमुख, लोनिवि की मंगा रेड्डी, पेंशन शाखा की निशु रजक व जल कार्य विभाग की कविता साहू शामिल है।

# सीडीओ जनगणना भवन प्रशासन जनसंपर्क विभाग को हुआ हस्तांतरित



**भिलाई।** सेक्टर-1, सड़क 8 और 10 के मध्य स्थित सामुदायिक विकास कार्यालय (सीडीओ), जनगणना भवन परिसर तथा तार घर को शुक्रवार को बीएसपी के प्रशासन जनसंपर्क विभाग को सुपुर्द कर दिया गया। यह हस्तांतरण नगर सेवाएं विभाग (टीएसडी) द्वारा की गई कार्रवाई के अंतर्गत किया गया, जिसमें खाली कराए गए भवन को पीआर विभाग को सौंपा गया। इस अवसर जनसंपर्क प्रमुख महाप्रबंधक अमूल्य प्रियदर्शी, महाप्रबंधक प्रशांत तिवारी, जीएम सौमिक डे, एजीएम अपर्णा चंद्रा तथा एजीएम जवाहर बाजपेयी ने भवन स्थानांतरण बाद भूमिपूजन किया। कार्रवाई के दौरान संपदा न्यायलय के कार्यपालक मजिस्ट्रेट, भट्टी थाना के पुलिस अधिकारी, महाप्रबंधक केके यादव, डीजीएम सुरजीत मलिक, सहायक प्रबंधक पंकज कुमार सिंह, सहायक प्रबंधक दीपक विश्वकर्मा, सहायक प्रबंधक देवानंद चौहान तथा मुकुंद दास माणिकपुरी भी उपस्थित थे। 4 अप्रैल को एस्टेट कोर्ट के डिक्री आदेश पर जनगणना भवन का अतिक्रमण हटाया गया था।

डिंपल्स

कॉस्मेटिक सर्जरी व्दारा गालों में स्थायी डिंपल्स
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

### जनपद सदस्यों ने दी आंदोलन की चेतावनी

# पन्द्रहवें वित्त की राशि बंटवारे को लेकर मचा घमासान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पंद्रहवें वें वित्त की राशि से वंचित किए गए दुर्ग जनपद पंचायत के जनपद सदस्यों ने कलेक्टर को आज ज्ञापन सौंपा। उन्होंने पंद्रहवें वित्त की राशि का एकपक्षीय आवंटन पर रोक लगाने व समानुपातिक रूप से बांटने मांग की है। साथ ही सात दिवस में 15 वें वित्त की राशि बराबर आवंटित नहीं किए जाने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

- वंचित जनपद सदस्यों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

ज्ञापन सौंपने वाले जनपद सदस्यों का कहना है कि, केन्द्र पोषित योजना 15वें वित्त की राशि ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी व जरूरी विकास कार्यों के लिए उस क्षेत्र की जनसंख्या के अनुपात पर आबंटित किया जाता है। शासन द्वारा वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में जनपद पंचायत दुर्ग (छ.ग.) के लिए 15वे वित्त की राशि प्राप्त हुई है उक्त राशि को क्षेत्र में विकास कार्य के लिए अनुमोदन के लिए गत 28 मई को सामान्य सभा आयोजन किया गया इसमें शासन से प्राप्त पुरी राशि को निर्वाचित होकर आये कुल 24 सदस्य में से अपने पंसदीदा 13 सदस्यों में आबंटन करने का प्रस्ताव अध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग द्वारा लाया गया, जिस पर बाकि के 11 सदस्यों द्वारा आपत्ति दर्ज कर बैठक स्थगित करवाया गया।



### सामान्य सभा में भी हुआ था हंगामा

विगत दिनों बुधवार को जनपद सभा में सामान्य सभा के दौरान भी कांग्रेस सदस्यों ने आपत्ति दर्ज कराई थी। सदस्यों ने जमीन पर बैठकर राशि बराबर वितरित किए जाने की मांग की थी। सत्तासीन दल से जुड़े सदस्य आपस में 15वीं वित्त की राशि को बांटना चाहते हैं। जिस पर विपक्षी सदस्य नाराज हो गए थे। आपको बता दें कि जनपद सदस्यों की संख्या 24 है, जिसमें सत्ताधारी दल के पास 13 और विपक्ष में 11 सदस्य हैं। सभी भाजपा के 13 सदस्य 15 वित्त की राशि को आपस में बराबर बांटना चाहते थे।

### बराबर वितरित नहीं करने पर होंगे बाध्य

कांग्रेस सदस्यों ने कहा सत्तापक्ष अलग-अलग क्षेत्र से चुनकर आये सदस्यों को स्थानीय जरूरत के विकास कार्यों एवं विकास को स्थाई बढ़ावा देने से रोकने की नियत से काम कर रही है। जो 15वे वित्त आबंटन के नियम के विरूद्ध है। इसलिए जनपद पंचायत दुर्ग में अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा 15वे वित्त की राशि का एक पक्षीय आबंटन पर रोक लगायी जाये तथा सभी जनपद क्षेत्रों के निर्वाचित सदस्यों को क्षेत्र की विकास के लिए बराबर-बराबर राशि आबंटित किये जाने की कार्यवाही सात दिवस में किए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि समानुपातिक रूप से उक्त नहीं किया गया तो सभी जनप्रतिनिधि अपनी हक की लड़ाई के लिए संवैधानिक रूप से धरना प्रदर्शन आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी, जनपद सदस्य झमित गायकवाड़, ढालेश साहू, लीलवती देशमुख, प्यारी बाई निषाद, किशोरी लाल, नंदकुमार साहू, मिलंतीन ठाकुर, दामिनी साहू, राजेन्द्र ठाकुर आदि शामिल है।

